## संक्षिप्त

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 को

**टोंक।** रैगर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार 2 फरवरी राज मिडवे होटल सवाई माधोपुर पुलिया के पास टोंक में आयोजित किया जायेगा। इसमें 25 जोड़ो का विधि विधान से सामूहिक विवाह सम्पन्न करवाया जायेगा। मीडिया प्रभारी मुकेश कराडिया ने बताया कि सम्मेलन की निकासी गांधी पार्क घण्टाघर से शोभायात्रा शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए बड़ा कुआं, हेमु सर्किल माधोपुर से होकर विवाह स्थल तक जायेगी। सम्मेलन में टोंक, सवाई माधोपुर, जयपुर, कोटा, बूंदी,अजमेर, भीलवाड़ा, जिलों के समाज के 25 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगे। इस दौरान समाज की सारी दुकाने बन्द रहेगी।

### प्रतियोगिता आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** राजकीय कन्या विद्यालय होद में 27 से 31 जनवरी तक खेल सप्ताह आयोजित किया गया । प्राचार्य मालीराम वर्मा की अध्यक्षता में खेल से बनने वाले करियर रोजगार की जानकारी दी। खेल प्रभारी डॉ हंसराज चौहान ने बताया राजकीय कन्या महाविद्यालय होद मे शुक्रवार को खेल सप्ताह के अंतिम दिन रस्साकसी और रुमाल झपट्टा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रस्साकसी प्रतियोगिता में अंशु एंड टीम और रुमाल झपट्टा में प्रियंका एंड टीम विजेता रही। इस अवसर पर डॉ आशीष फोगाट, सुरेश मिठारवाल, सुधा, अभिलाषा, अमित गर्ग, अनिल कुमार शर्मा, डॉ अजय कुमार जांगिड एवं रजनीश सिद्धार्थ, गुरुदयाल सिंह, सुरेश बिवाल, मूल चंद आदि उपस्थित रहे।

### परामर्श शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** स्वर्गीय चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र मे प्रात: 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित नि:शुल्क अस्थमा चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी और समाजसेवी छाजूराम खेड़ीवाल ने बताया कि शिविर में डॉ आर एस सिसोदिया पूर्व टीवी स्टेट ऑफिसर जयपुर द्वारा दमा, एलर्जी, चेस्ट, टीबी,पुरानी खांसी से ग्रसित 42 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया गया।

### रेलवे का लोहा चोरी करने वाला एक गिरफ्तार

**फुलेरा ।** रेलवे सुरक्षा बल फुलेरा ने शुक्रवार को रेलवे का लोहा चोरी करने के मामले में एक जने को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए आरपीएफ निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि रेलवे के आई ओ डबल्यू कार्यालय के सामने स्थित रामलीला मैदान में पड़े रेलवे के स्क्रैप लोहे में से अपनी पिकअप में भरकर लोहा चोरी कर ले जाते हुए दिलीप सिंह पुत्र चन्दन सिंह निवासी गणेश विहार कॉलोनी फुलेरा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं आगे बताया कि आरोपी के खिलाफ थाने पर मामला दर्ज किया जाकर जांच शुरू कर दी गई है।

### डोडा चुरा व गांजा जब्त

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत मालपुरा अति. पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल के निर्देशन में मोर थाना पुलिस व डीएसटी की संयुक्त कार्यवाही में आरोपी राजीव जैन पुत्र भंवर लाल उम्र 42 साल निवासी सवारिया से 19.240 किलोग्राम डोडा चुरा व 10.330 किलो गांजा जप्त कर गिरफ्तार किया गया।

### कलश यात्रा निकाली

**मालपुरा।** शुक्रवार को इंदोली गांव व मालपुरा मे खटीक समाज द्वारा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। दोनो ही धार्मिक कार्यक्रमो मे पहुंची केबिनेट कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि राधा देवी चौधरी ने महिलाओं के साथ सिर पर मंगल कलश धारण कर कलश यात्रा मे भाग लिया। राधा चौधरी ने इंदोली मे भगवान लक्ष्मीनारायण की प्रतिमा तो मालपुरा मे शिव पंचायत प्रतिमाओं के समक्ष मत्था ठेक खुशहाली की कामना की। खटीक समाज की और से राधा चौधरी व भामाशाहओं का सम्मान किया गया। मुख्य यजमानो द्वारा मूर्तियों की पूजा अर्चना की गई।

### खुशबू को मिली पीएचडी की उपाधि

**निवाई।** खुशबु पुरोहित पत्नी अविचल कुमार ने वनस्थली विधापीठ से विधि विषय मे पीचडी की हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने प्रो. हर्ष पुरोहित के मार्गदर्शन म फैकल्टी ऑफ लॉ में पीएचडी की है। उनको यह उपाधि परिसर मे आयोजित एक समारोह मे दी गई।

# 'यातायात नियमों का पालन कर खुद को और परिवार को सुरक्षित रखे'




भिवाड़ी में कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर किशोर कुमार व एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी सहित अधिकारी।

- भिवाड़ी परिवहन कार्यालय में सड़क सुरक्षा माह के समापन पर अनेक कार्यक्रम हुए आयोजित

**भिवाड़ी।** जिला परिवहन कार्यालय भिवाड़ी में सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर किशोर कुमार पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विनी कुमार पंवार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू और जिला परिवहन अधिकारी राजीव चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

भिवाड़ी में 1 से 31 जनवरी तक चले अभियान में विभिन्न जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें 545 लोगों की आंखों की जांच की गई। इस दौरान भिवाड़ी में 80 यात्री टेम्पू, 25 ट्रैक्टर ट्रॉली, 15 पिकअप वाहन, 30 ट्रैक्टर, ऊंटगाड़ी और बैलगाड़ी जैसे वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए मुख्य चौराहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियों में विजेताओं को सम्मान चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा राइडर्स क्लब भिवाड़ी को बाइक रैली और वाहन डीलर्स को वाहन रैली के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में होंडा कार्स इंडिया प्रा. लि. के सौजन्य से लोगों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए। उन्होंने उपस्थित आम जनों को सड़क सुरक्षा मानकों से अवगत कराया। जिला परिवहन अधिकारी राजीव चौधरी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक पुष्पेन्द्र भारद्वाज, मनोज कुमार सिंघल, महेश कुमार यादव, यूरो इंटरनेशनल स्कूल, राजकीय कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थी, सुरक्षाकर्मी और आमजन उपस्थित रहे। वहीं जिला कलेक्टर किशोर कुमार व पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) प्रारंभिक भर्ती परीक्षा के मद्देनजर टपूकड़ा उपखंड क्षेत्र में परीक्षा केंद्र राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल टपूकड़ा तथा तिजारा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तिजारा, पीएम श्री राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और सुरक्षा व स्वच्छता सहित मूलभूत सुविधाओं को लेकर परीक्षा केंद्र प्रभारी एवं अधिकारियों को निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विन के पंवार, उपखंड अधिकारी संजीव वर्मा, डिप्टी एसपी तिजारा शिवराज सिंह, तहसीलदार शैतान सिंह एवं तहसीलदार कृष्ण कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कलशयात्रा निकाली

**निवाई।** गांव हिंगोटिया में सीतारामजी के मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन पंडित गिरिराजप्रसाद शर्मा के सानिध्य में किया गया। जिसका शुभारंभ विशाल कलशयात्रा के साथ हुआ। कलशयात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।हिंगोटिया में पंडित गिरिराजप्रसाद शर्मा के सानिध्य में श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ किया गया जिसमें 121 महिलाओं ने कलश धारण कर कलशयात्रा में शामिल हुई। कलशयात्रा बालाजी के मंदिर से पूजा अर्चना के साथ रवाना हुई जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल श्री सीताराम जी के मंदिर में पहुंची जहां पर विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ कलशों की स्थापना की गई। श्रीमद् भागवत कथा कथा वाचक पंडित गिरिराज शर्मा ने श्रीमद् भगवत कथा का महात्मय बताते हुए भगवान राम जन्म, राम विवाह व रामचरित्र सहित कई प्रसंगों पर विस्तार से कथा का वाचन किया।

## अनुष्ठान समापन पर इन्द्र इन्द्राणियों ने हवन कुण्डो में दी आहुतियां



भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में पूजा-अर्चना करते हुए श्रद्धालु।

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज एवं मुनि निपूर्णनन्दी महाराज, श्रुतमति, सुबोधमति एवं विशेषमति माताजी संघ के सानिध्य में 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान का समापन पर इन्द्र इन्द्राणियों ने हवन कुण्डों में आहुतियां दी। जिसमें सेंकड़ों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। चातुर्मास कमेठी अध्यक्ष सुनील भाणजा व मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि विधान अनुष्ठान में सोधर्म इन्द्र, धनपति कुबेर इन्द्र एवं आचार्यश्री का पादप्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट करने का सोभाग्य सन्मतिकुमार, कमलेश देवी, सुकुमार, महिपाल व मोहित चंवरिया को प्राप्त हुआ।

इस दौरान पूजार्थियों द्वारा भगवान शांतिनाथ जी का अभिषेक कर शांतिधारा की। भक्तामर विधान के समापन अवसर पर सभी इन्द्र इन्द्राणियो एवं पूजार्थियों ने भक्ति के साथ 3 काव्यों की संगीतमय पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि पंडित सुरेश के शास्त्री के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने 13 मण्डप पर पूजा अर्चना करके श्रीफल अघ्र्य समर्पित किए जहां संगीतकार मुकेश एण्ड पार्टी के मधुर भजनों पर इन्द्र इन्द्राणियों ने भक्ति नृत्य की प्रस्तुतियां दी। विष्णु बोहरा व महेन्द्र चंवरिया ने बताया कि मंदिर परिसर में शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य शिलान्यासकर्ता सुशीलकुमार, नीरा जैन व राहुल आरामशीन ने बेंक्विट हॉल का शिलान्यास किया।

इसी प्रकार सह शिलान्यासकर्ता महेन्द्र सारसोप, प्रेमचंद गिन्दोडी, रामपाल चंवरिया, सन्मति चंवरिया, राजेन्द्र बगड़ी, सुभाष चंवरिया, अशोक डारडा, सत्यनारायण मोठूका, ओमप्रकाश चंवरिया, कजोड़मल सेदरिया, पदमचंद सांवलिया, महावीरप्रसाद माधोराजपुरा, सुरेशचन्द रामनगर, लल्लूलाल ललवाड़ी, चेतन जैन शिवाड़, उमेश कुमार मित्रपुरा एवं स्वर्ण शिला मुकेश बनेठा, सुरेशचन्द भाणजा, पदमचंद बनेठा व ज्ञानचंद जैन सहित अनेक लोगों ने नींव की शिलाएं रखीं। पुण्यार्जक परिवारों ने रजत शिला, स्वस्तिक से परिपूर्ण स्वर्ण शिला रखकर विधि विधान पूर्वक विद्वानों के मार्गदर्शन में शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समाज के हजारों श्रावक एवं श्राविकाएं उपस्थित थे।

## डाक जीवन बीमा के स्थापना दिवस पर संगोष्ठियों का आयोजन



प्रागपुरा डाकघरों में इस उपलक्ष में संगोष्ठियों का आयोजन किया।

**पाावटा।** डाक जीवन बीमा के 141वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में डाक विभाग एक विशेष अभियान की शुरुआत करने जा रहा है । इस दौरान आगामी 1 फरवरी को शाहपुरा डाक उपखंड के 11 प्रमुख डाकघरों के साथ साथ 97 शाखा डाकघरों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डाक विभाग के प्रत्येक कर्मचारी व ग्रामीण डाक सेवक डाक जीवन बीमा का घर घर प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक पॉलिसी एकत्र करने का लक्ष्य पूर्ण करेंगे। डाक जीवन बीमा पॉलिसी एक परंपरागत जीवन बीमा पॉलिसी है।

सभी सरकारी-अर्धसरकारी केंद्र/ राज्य सरकार व स्थानीय निकाय संस्थानों, बैंक, विश्वविद्यालय व वित्तीय संस्थानों के कर्मचारियों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रवासी इसके लाभार्थी हो सकते है । आज प्रागपुरा, कोटपूतली व नारहेड़ा डाकघरों में इस उपलक्ष में संगोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें कोटपुतली, नारहेड़ा , प्रागपुरा, पावटा व राजनौता उप डाकघरों के साथ साथ इनके आसपास के 56 शाखा डाकघरों के शाखा डाकपालों ने भाग लिया। मीटिंग में सहायक अधीक्षक सुनील स्वामी व डाकपाल मोहन गेट, शिवनारायण बुनकर तथा गिरिराज रेवाला ने इस वित्त वर्ष के दौरान सर्वाधिक व्यवसाय करने वाले शाखा डाकपालों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। सहायक अधीक्षक सुनील स्वामी ने बताया कि डाक विभाग में आईटी मॉडर्नाइजेशन 2.0 के तहत आमूलचूल परिवर्तन होने जा रहे है । संगोष्ठियों के माध्यम से डाक विभाग के कर्मचारियों व ग्रामीण डाक सेवको को डाक-पार्सल, डाक जीवन बीमा व डाक बचत बैंक सेवाओं के विक्रय व विपणन को प्रभावी बनाने व ज्यादा से ज्यादा व्यवसाय करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही कोटपूतली व प्रागपुरा डाकघरों को सर्वाधिक आधार ट्रांसेक्शन करने के लिए सम्मानित भी किया गया। डाक अधीक्षक जयपुर देहात मंडल हर्ष शर्मा ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को नए आधार बनवाने व आधार को अद्यतन करवाने हेतु पूरे मंडल के डाकघरों में आधार काउंटर संचालित है। शाहपुरा, मनोहरपुर, विराटनगर, पावटा, प्रागपुरा व कोटपुतली के आधार काउंटरों पर जनता की ज्यादा भीड़ को देखते हुए इनका समय बढ़ाया गया है एवं अतिरिक्त मशीने भी लगाई गई है। कोटपुतली डाकघर में पासपोर्ट सेवा केंद्र भी संचालित है। आसपास के नागरिक डाक विभाग की सेवाओं के साथ साथ बिना किसी परेशानी के इन सुविधाओं का भी लाभ ले सकते है।

## सी. एच. सी. को उप जिला अस्पताल में क्रमोनन्त करने की मांग

- गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उप जिला बने तो चिकित्सा सुविधाओं का मिल पाएगा लाभ

**गोविंदगढ़ /अलवर ।** गोविन्दगढ़ कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दोनों मरीजों का भार अधिक होने से प्रतिदिन ओपीडी की संख्या 1000 के पार पहुंच रही है लोगों की मांग है कि सीएचसी को उप जिला अस्पताल में क्रमोनन्त किया जाए तो मरीजों को स्वास्थ विभाग की जन सुविधा मिल सके। यहां पर रोजाना 1000 से अधिक मरीजों की ओपीडी रहने के साथ ही 300 से 400 मैरिज आईपीडी भी रहती है इसके अलावा प्रसव में जिले में दूसरे स्थान पर गोविंदगढ़ स्वास्थ्य केंद्र आता है लेकिन यहां सुविधा के नाम पर ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर साबित हो रही है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्सिंग स्टाफ डॉक्टर मरीज को उपलब्ध होने वाले बेड आदि की संख्या बहुत ही कम है वर्तमान में यह स्थिति है कि गोविंदगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महज 30 बेड का है जिसमें आईपीडी और जनाना दोनों शामिल है प्रतिदिन ओपीडी 1000 के लगभग तथा आईपीडी 10 बेड की है एक बेड पर दो से तीन मरीजों को लुटाया जाता है और नर्सिंग स्टाफ कम होने के कारण उपचार के लिए काफी समस्याएं होती हैं और मरीजों को परेशानी होती है लंबे समय से चल रही मांग क्षेत्र वासियों की मांग गोविंदगढ़ स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल बनाने की मांग राज्य सरकार के अगले माह में आने वाले बजट से कई उम्मीद है गोविन्दगढ़ निवासी भाजपा विधायक बनने से एक बार फिर लोगों को उम्मीद बनती नजर आ रही है ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री भैरू सिंह शेखावत के समय से ही गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है यह क्रमोन्नित नहीं हो पाया।

डॉ. एन के अग्रवाल मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी गोविन्दगढ का कहना अगर सरकार हमसे प्रस्ताव मांगे तो हम भिजवा देंगे गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 1000 के लगभग ओपीडी रहती है अगर उप जिला अस्पताल का दर्जा मिलता है तो सुविधा बढेंगी और आम जनता को राहत प्रदान होगी। देवस्वरूप गौतम गोविंदगढ़ पूर्व पंचायत प्रसार अधिकारी का कहना गोविंदगढ़ सीएचसी को अप जिला अस्पताल बनाना चाहिए ।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'उत्सव-2025' हर्षोंउल्लास के साथ मनाया



पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया।

- वार्षिकोत्सव समारोह में क्षेत्र की अनेक हस्तियां सम्मानित

**सांभरझील,** (निस)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभर लेक में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम "उत्सव-2025" हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पण कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, नाटक, कविता, गायन प्रस्तुत किए गए। जिसमें बालिका शिक्षा एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रा जया स्वामी को उत्सव समारोह "स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर" का पुरस्कार देकर नवाजा गया तो वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में उत्कृष्ट लेखन कला के लिए पांच जनों का सम्मान किया गया। इसके तहत लक्ष्मीनारायण शर्मा, रूपचंद गुर्जर, कालीचरण सैनी, रामनारायण चौधरी, सुनील कुमावत, मुकेश शर्मा व बोर्ड व स्थानीय परीक्षाओं में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम अर्जित करने वाली छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वर्षपर्यंत विभिन्न क्षेत्रों में खेल, साहित्य, संगीत, पेंटिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस वर्ष का स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार कक्षा 12 की छात्रा जया स्वामी को दिया गया। विद्यालय में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी निर्मल कुमावत से मांग रखी गई की 6, जर्जर कक्षा कक्ष को तुड़वाकर नए कक्षा कक्ष बनवाने हेतु सरकार से बजट मंजूर करवाया जाए, साथ ही नागरिक विकास कला संकाय में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषय खुलवाने की मांग रखी गई। नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी, सचिव जितेंद्र डांगरा, समाज सेवी वर्धमान काला, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मोदी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कुमार सांभरिया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के रमेश कुमार बंसीवाल, प्रशासनिक अधिकारी हनुमान सहाय कुमावत, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा की गई एवं मुख्य अतिथि निर्मल कुमावत को विद्यालय भवन के नकारा घोषित 6 कक्षा कक्षों को तुड़वाने हेतु सरकार द्वारा आर्थिक सहायता एवं कला संकाय में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषय खुलवाने की मांग रखी गई।

प्रधानाचार्य द्वारा सभी भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी द्वारा विद्यालय को एक स्मार्ट बोर्ड देने की घोषणा की गई।

### जालंधर कथा का वर्णन

**नारायणपुर ।** कस्बे के मानसरोवर जोहड़ में आयोजित शिव महापुराण कथा के छठे दिन कथावाचक बालकृष्ण महाराज ने श्रद्धालुओं को तुलसी की महिमा, जालंधर की कथा, हनुमानजी की भक्ति और महाकाल ज्योतिर्लिंग का विस्तृत वर्णन सुनाया। महाराज ने बताया कि तुलसी का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यंत विशेष है। तुलसी माता के बिना किसी भी पूजा का फल पूर्ण नहीं होता। वहीं, जालंधर की कथा सुनाते हुए उन्होंने भक्तों को उसके अहंकार और भगवान शिव द्वारा उसे पराजित करने की गाथा सुनाई। इसके साथ ही, हनुमानजी के अटूट भक्ति भाव और महाकाल ज्योतिर्लिंग की महिमा का भी वर्णन किया गया।

यह कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जा रही है और इसका समापन 2 फरवरी को होगा। कथा के समापन के उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। कथा के दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने कथावाचक और आयोजनकर्ता व भामाशाह बाबूलाल शर्मा का साफा और माला पहनाकर व स्मृति देकर सम्मान किया गया गया।

## सार-समाचार

### आवेदन के लिए पोर्टल का शुभारंभ

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के हर वर्ग के विकास को लेकर कृत संकल्पित है. इसी क्रम में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के बिन्दु संख्या 83 के अनुसरण में विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु समुदाय के स्थाई आश्रय और आवास से वंचित परिवारों के लिए मुख्यमंत्री घुमन्तु आवास योजना 2024 के ऑनलाईन पोर्टल का शुभारम्भ किया जा चुका है। जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में मकान बनवाने के लिए अनुदान सहायता हेतु आवेदक को संबंधित विकास अधिकारी पंचायत समिति में आवेदन करना होगा एवं शहरी /नगरीय क्षेत्र में मकान बनवाने के लिए संबंधित आयुक्त नगर परिषद /अधिशाषी अधिकारी के कार्यालय में आवेदन करना होगा , सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सक्षम स्तर से प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृति जारी कर आवश्यक राशि अंतरित की जाएगी। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी विपिन ने बताया कि उक्त योजनान्तर्गत आवेदन करने के लिए ई-मित्र कियोस्क/स्वयं की एस.एस.ओ आई.डी के माध्यम से राज्य सरकार के मुख्यमंत्री घुमन्तु आवास योजना के पोर्टल पर जनाधार संख्या दर्ज कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

### नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देने के लिए समर्थन मांगा

**फुलेरा ।** कस्बे की हाल की गंभीर समस्या सूखे नशे की दलदल में फंसते हुए युवा वर्ग को इस दलदल से निकालने के लिए स्थानीय समाजसेवी चार्टर्ड अकाउंटेंट अर्पित मुद्गल व उनके साथियों द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देने के लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से मुलाकात कर उनसे समर्थन मांगा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अर्पित मुद्गल ने बताया कि वहीं बैठक के दौरान अर्पित मुद्गल ने राज्य में बढ़ते नशे की समस्या पर चिंता जताई और युवाओं को इससे बचाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। इस पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उक्त नशा मुक्ति अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार इस दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से इसमें सहयोग करने की अपील की। इसके बाद अर्पित मुद्गल ने इस पहल के तहत स्कूलों और कॉलेजों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने, सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर सेमिनार और वर्कशॉप चलाने की योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और समाज मिलकर प्रयास करें, तो राजस्थान को नशा मुक्त बनाया जा सकता है। इस बैठक को लेकर सामाजिक संगठनों और शिक्षाविदों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। उम्मीद है कि जल्द ही सरकार इस अभियान के लिए ठोस कदम उठाएगी।

### तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

**नारायणपुर ।** ग्राम पंचायत बुर्जा से ग्राम खरवा को अलग कर नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने तहसीलदार अनिल कुमार को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जनसंख्या करीब 4,500 है और इसके अंतर्गत हरिपुरा, रावतों की ढाणी, कूल, खरवा और धोली ढाणी जैसे प्रमुख वार्ड आते हैं। इनमें से खरवा और कूल राजस्व ग्राम भी हैं, जो प्रशासनिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत मुख्यालय बुर्जा से इन ढाणियों की दूरी लगभग 8 किलोमीटर है, जिससे लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने तर्क दिया कि ग्राम खरवा भौगोलिक दृष्टि से सभी ढाणियों के मध्य में स्थित है, जिससे यह नई पंचायत बनने के लिए उपयुक्त स्थान है। बुर्जा सरपंच कबूल वर्मा ने जानकारी दी कि पिछली सरकार के दौरान भी खरवा को अलग पंचायत बनाने की मांग उठी थी, लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि इस बार उनकी मांग को गंभीरता से लिया जाए ताकि उन्हें बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं मिल सकें। ज्ञापन के दौरान रतन लाल जांगिड, दाताराम जाट, बच्चू सिंह चौहान, कृष्ण स्वामी, गुलाब सिंह, जगदीश, भवानी सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 'समस्याओं का करें त्वरित निस्तारण'

**निवाई।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने ग्राम पंचायत लुहारा में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की परिवेदनाओं को सुनकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने कहा कि अधिकारी ग्रामीणों की परिवेदनाओं का सात दिवस में निस्तारण कर उन्हें राहत पहुंचाएं। जनसुनवाई में बिजली, पानी, सडक, रास्तों पर अतिक्रमण, नालियों का निर्माण सहित कई मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं सामने आई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए रात्रि चौपाल में सरपंच बिंदु कंवर, तहसीलदार नरेश गुर्जर, विकास अधिकारी व राजेश्वरी यादव समेत जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### 12 हजार कीमत की देशी मदिरा जप्त

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में टोंक वृताधिकारी राजेश विधार्थी के सुपरविजन में थानाधिकारी मेहन्दवास ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित दल ने दौराने गस्त निरबाना से निमोला मार्ग पर अवैध देशी शराब बेच रहे आरोपी सतवीर पुत्र चतुर्भज गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी निरबाना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध श्देशी मदिरा के 188 पव्वे बरामद कियें। इसी प्रकार हाईवे क्षैत्र अहमदपुरा चौकी के नजदीक डीएनएस ईट भट्‌टे के करीब मोड पर नाकाबन्दी के दौरान मोटरसाईकिल पर सवार युवक को रूकवाया गया, तलाशी लिये जाने पर आरोपी शत्तारखां पुत्र निजाम उम्र 31 साल निवासी जलसीना थाना घाड के कब्जे से 2.78 अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद कर मौके पर गिरफ्तार किया गया तथा वाहन भी जप्त किया गया।

### अरनिया में रास्ते से अतिक्रमण हटाया

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम अरनिया में सार्वजनिक आम रास्ते से अतिक्रमण हटाया ।तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा द्वारा तहसील श्रीमाधोपुर के पटवार हल्का अरनिया के सार्वजनिक रास्ते से जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाकर रास्ता सुचारू किया गया। बताया गया है कि नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा गत सप्ताह अरनिया से मुंडरू जाने वाले रास्ते पर 2.25 करोड़ रुपए का सड़क नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया गया था, जिस पर निर्माण कार्य के दौरान सरपंच प्रतिनिधि अरनियां सीताराम बाडीगर द्वारा अतिक्रमण के कारण रास्ता निर्माण कार्य अवरूद्ध होने की शिकायत करने पर तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की समझाइश कर सहमति से जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाकर सड़क निर्माण कार्य सुचारू करवाया गया। अतिक्रमण हटने पर ग्रामीणों द्वारा तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

### जागरूकता रैली का आयोजन

**कोटपूतली।** परवाह थीम पर आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 के तहत शुक्रवार को आमजन को सड़क सुरक्षा संदेशों के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यालय क्षेत्राधिकार के वाहन डीलरों व कार्यालय कार्मिको के सहयोग से दुपहिया वाहनों की रैली का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण एवं अति. पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने रैली को कार्यालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला परिवहन अधिकारी सुनील सैनी ने बताया कि उक्त रैली कार्यालय परिसर से डाबला रोड़, मैन बाजार होती हुई कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुई।

### भामाशाहों का किया सम्मान

**श्रीमाधोपुर।** राउप्रावि बडबोरवाली लिसाडियां मे सरपंच पुत्र मक्खन यादव के मुख्य आतिथ्य व से.नि.अध्यापक नंदलाल सैनी की अध्यक्षता मे वार्षिक उत्सव भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। संस्था प्रधान संगीता निर्मल ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर भामाशाहों का सम्मान किया। वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगा रंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम मे पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी श्योराम सिंह शेखावत, एसएमसी अध्यक्ष कालुराम मीणा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। इस अवसर पर ग्रामीण व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बैठक आयोजित

**कोटपूतली ।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नवीन को-ऑपरेटिव कोड के क्रियान्वयन हेतु जिले के विभिन्न स्टेक हॉल्डर व सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से प्रचलित सहकारी कानून राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2001 में संशोधन हेतु सुझाव प्राप्त किए गये।